Date 01-02-2023

एपीजे कलाम कॉलेज में जय कॉर्प द्वारा

कम्प्यूटर ट्रेनिंग पूरा करने पर छात्रों का उत्साहवर्धन

जनसंसार संवाददाता
सिलवासा, 2 फरवरी

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज में आज जय कॉर्प द्वारा कम्प्यूटर ट्रेनिंग पूरा करने वाले विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की गई. जय कॉर्प ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज के अंतिम वर्ष के 350 छात्रों को कम्प्यूटर के रोजपरक कोर्सों का 4 महीने तक प्रशिक्षण दिलाया है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले छात्रों से आज मिलकर जय कॉर्प ने ट्रेनिंग दौरान उनके अनुभवों को जाना। इन हुनरमंद विद्यार्थियों की हौसलाअफजाई करते हुए जय कॉर्प के सीनियर मैनेजर राहुल आहिरे ने कहा कि आप सभी का भविष्य उज्जवल है। जल्द ही आपको सर्टिफिकेट दिए जाएंगे और जॉब फेयर आयोजित कर आप सभी को आपकी योग्यता के अनुसार जॉब दिलाने की हमारी कोशिश होगी। प्रिसिंपल डॉ. भगवान था ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। मीडिया से बात करते हुए जय कॉर्प के सीनियर मैनेजर राहुल आहिरे ने कहा कि सितंबर में इन छात्रों को टैली, जावा जैसे जॉब ऑरियंट कोर्स की यहां कम्प्यूटर ट्रेनिंग दिलाई गई. आज इन छात्रों से मिल कर उनकी कम्पुटर शिक्षा के बारे में उत्साहजनक बातें सुनकर हमें तसस्ली हुई कि जय कॉर्प के सीएसआर इवेंट के प्रयास सार्थक हुए हैं। जय कॉर्प जल्द ही इन्हें इनके कम्प्यूटर एजुकेशन के सर्टिफिकेट और जॉब फेयर में जॉब भी दिलाएगा।